दिन– सोमवार दिनांक– 03/02/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा शुरू हो गई। भारतीय जनता पार्टी की किरण चौधरी ने चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने के लिए महत्वपूर्ण पहल की है। भाजपा सदस्य ने कहा कि विपक्ष सरकार के खिलाफ कृषि क्षेत्र के लिए किए गए कार्यों को लेकर गलत अभियान चला रहा है। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार ने डॉ. स्वामीनाथन समिति की सिफारिशों को ठंडे बस्ते में डाल दिया। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने किसानों को उनकी उपज के लिए अधिक आय सुनिश्चित करने के लिए कई उपाय किए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि देश इस समय सही मायनों में विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है।

————————————————————————

वाणिज्य कर विभाग की टीम ने पटना समेत चार जिलों में दस अलग–अलग व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। इस दौरान ढाई करोड़ का अवैध सामान भी जब्त किया गया है। यह कार्रवाई वाणिज्य कर विभाग के सचिव सह आयुक्त संजय कुमार सिंह के निर्देश पर अलग–अलग टीमों द्वारा की गयी। इन टीमों ने पटना में पांच, गया में तीन और दरभंगा तथा जहानाबाद में एक–एक व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की।

————————————————————————

प्रगति यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बांका जिले के कटोरिया में डिग्री कॉलेज खोलने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा है कि बांका जिले के अमरपुर में मेडिकल कॉलेज और अस्पताल खोला जाएगा।यात्रा के दौरान उन्होंने अमरपुर प्रखंड के राजपुर में मेडिकल कॉलेज के लिए उपलब्ध छब्बीस एकड़ जमीन का निरीक्षण किया और आस–पास की सड़कों के चौड़ीकरण का निर्देश भी दिया। इस

दौरान उन्होंने जिले में तीन सौ बासठ करोड़ रूपये की लागत वाली विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री प्रगति यात्रा के अगले चरण में पांच फरवरी को मुंगेर, छह फरवरी लखीसराय और शेखपुरा तथा सात फरवरी को जमुई जिले की यात्रा करेंगे।

———————————————————————

बसंत पंचमी का त्योहार आज प्रदेशभर में धार्मिक श्रद्धा, आस्था के साथ पारम्परिक रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। माघ शुक्ल पंचमी का यह दिन ज्ञान, विवेक, कला और संगीत की देवी सरस्वती की उपासना का दिन है। सरस्वती पूजा के अवसर पर विद्यालय, महाविद्यालय और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर उनकी पूजा–अर्चना की जा रही है। इस त्योहार को लेकर स्कूली बच्चों में खास उत्साह देखा जा रहा है। मां सरस्वती की प्रतिमा के साथ विभिन्न पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। हर तरफ भक्तिमय वातावरण बना हुआ है।

बसंत पंचमी के मौके पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी। वहीं, इस दौरान सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। पटना के एसएसपी अवकाश कुमार ने कहा कि पूजा को लेकर स्थानीय थानों को सतर्क कर दिया गया है और प्रमुख जगहों पर पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। उन्होंने कहा कि राजधानी पटना में स्थानीय पुलिस के अलावा रैफ की एक और बिहार सशस्त्र पुलिस की पांच कंपनियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। श्री कुमार ने कहा कि विसर्जन के दौरान जुलूस निकालने और डीजे बजाने पर प्रतिबंध रहेगा।

———————————————————————

वसंत के आगमन के साथ ही प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर न्यूनतम और अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। इससे लोगों को थोड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, अधिकतम तापमान भी पच्चीस से तीस डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि आठ फरवरी को पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के मौसम में बदलाव की संभावना है।

---

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड– बीसीसीआई ने अंडर–19 आईसीसी महिला टी–ट्वेंटी विश्व कप का खिताब लगातार दूसरी बार जीतने पर टीम को पांच करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

---

प्रयागराज महाकुंभ का आज तीसरा अमृत स्नान जारी है और श्रद्धालु लगातार संगम में पवित्र डुबकी लगा रहे हैं। आज सुबह बड़ी संख्या में लोगों ने गंगा आरती में भी हिस्सा लिया। महाकुंभ में शुरू से अब तक छत्तीस करोड़ से अधिक श्रद्धालु पवित्र डुबकी लगा चुके हैं।

---

समाप्त